जनपद- हमीरपुर

दिनांक 29.10.2026

पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा पदोन्नत उपनिरीक्षकों के कंधों पर स्टार लगाकर किया गया अलंकृत, दी गई बधाई।

आज दिनांक 29.10.2026 को पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर द्वारा जनपद में तैनात उपनिरीक्षक नागरिक पुलि दिनेश प्रसाद, संगमलाल प्रजापति एवं पंधारी सरोज को उपनिरीक्षक नागरिक पुलिस के पद से निरीक्षक नागरिक पुलिस के पद पर पदोन्नत होने पर उनके कंधों पर स्टार लगाकर अलंकृत किया गया।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने पदोन्नत हुए सभी अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि सभी अधिकारी पदोन्नति के साथ प्राप्त नवीन दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं कर्तव्यपरायणता के साथ करते हुए पुलिस विभाग की गरिमा एवं प्रतिष्ठा को और अधिक सुदृढ़ करेंगे तथा जनसेवा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक जनपद हमीरपुर भी उपस्थित रहे। उन्होंने भी पदोन्नत अधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल कार्यकाल एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

